

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें
https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 73 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 10 जुलाई 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


# ब्याज माफियाओं ने मूलधन से कई गुना अधिक वसूली राशि

सिवनी यशोः- जिले में ब्याज का धंधा बड़े पैमाने पर फल-फूल रहा है। यहां सूदखोर लोगों की मजबूरी




का फायदा उठाकर डायरी सिस्टम व 10 से 20 प्रतिशत तक का ब्याज वसूल कर रहे हैं। इसके लिए वे बाकायदा रुपए उधार लेने वाले से चेक व प्रामेसरी नोट बना लेते हैं। इसके आधार पर ब्याज नहीं भरने की स्थिति में कानून का फायदा उठाकर संबंधित को परेशान करते हैं। ब्याजखोरों के दबाव में जिले में अनेक आत्महत्या के मामले भी सामने आ चुके हैं। इसमें नगर में एक दवा व्यापारी दीपक अग्रवाल ने पिछले दिनों ओवर ड्रग और मादक पदार्थ का सेवनकर आत्महत्या का प्रयास किया था। इस आत्महत्या के प्रयास के पीछे आई पी एल सट्टे का कर्ज चुकाने के लिये ब्याज पर ली गयी रकम और सट्टे के कारण हुआ कर्ज प्रमुख कारण बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार इस व्यापारी की मजबूरी का फायदा उठाने के लिये सिवनी नगर के बड़े बड़े कारोबारियों ने ब्याज पर रकम देकर उससे बड़ा लाभ कमाया है और उसकी पूरी संपत्ति को लूटने का काम किया है। चर्चा में जो नाम सामने आ रहे है उन नाम को सार्वजनिक करना सामाजिक और कानूनी दृष्टि से उचित नहीं है परंतु इस प्रकार के सभ्रांत व्यक्तियों द्वारा इस प्रकार से अपने सहयोगी व्यापारी का खून चूसना निहायत निंदनीय है।

जानकारी यदि सत्य है तो अनेक ब्याज लेने वाले और अधिक राशि वसूल कर चुके व्यक्ति अपने किये पर शर्मिन्दा भी है और उन्होंने दीपक अग्रवाल की वर्तमान स्थिती को देखते हुये क्षमायाचना करते हुये शेष राशि सहित अवैधानिक करारनामा (शुन्य) निरस्त करने की बात कही है।

### कर्ज में कैसे फंसा दीपक

जानकारी के अनुसार दवा व्यवसायाई दीपक अग्रवाल आई पी एल के सट्टे में कुछ वर्ष पूर्व एक बड़ी धन राशि हार गया इस धन राशि को देने के लिये वह पूरी तरह ईमानदार रहा परंतु सट्टे की जो रकम थी वह देने के लिये उससे अपनी पूरी पुश्तैनी संपत्ति बेचना पड़ी जिसे बिकने में समय लगता है और इसे बेचने में लगे समय के दौरान सट्टेबाजों का ब्याज बहुत तेजी से चला दीपक की मजबूरी का फायदा उठाकर नगर के कुछ नामी व्यापारियों ने भी लालच में उसे रकम देकर उससे कई गुना ब्याज वसूला और धीरे धीरे दीपक अग्रवाल की हालत यह हो गयी कि उसका सब कुछ लुट गया परंतु उसे कर्ज से मुक्ति मिलना संभव नहीं दिख रहा था ऐसे हालात में उसने मौत को लगाने का फैसला लिया और बहुत अधिक सं या में नींद की गोलियाँ खाने के साथ अधिक मात्रा में शराब पी ली। इस स्थिती को देखकर उसकी पत्नि ने दीपक को जिला चिकित्सालय में उपचार के लिये भर्ती कराया जहाँ प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे नागपुर के लिये रेफर कर दिया गया।

### संजय अग्रवाल ने दो करोड़ ब्याज वसूला

दीपक अग्रवाल को इस स्थिती में ले जाने के लिये जहाँ आदतन ब्याजमाफिया एवं सट्टाबाजो का आमनवीय व्यवहार रहा है वहीं बड़े सभ्रांत व्यक्तियों ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। बताते है कि दीपक की संपत्ति मनमाने ब्याज के माध्यम से लूटने वालो की लिस्ट लंबी है परंतु जिन्होंने मानवीय मूल्यों की परवाह किये बिना भी मूलधन से कई गुना अधिक वसूली की है ऐसे नाम सार्वजनिक चर्चा में है और संभव है इन नाम की पुलिस को भी जानकारी हो। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार एक संजय अग्रवाल नाम व्यक्ति है जिन्होंने दस लाख रूपये दिये थे इसके एवज में इनके द्वारा दो करोड़ रूपये वसूल कर लिये गये है यह बात अग्रवाल समाज के सामाजिक व्हटसएप ग्रुप में वायरल भी हो रही है। वहीं संजय अग्रवाल की धर्मपत्नि की ओर से भी इस प्रकार के पत्र के संबंध में सफाई दी गयी है और बताया गया है कि उन्होंने दीपक अग्रवाल की मदद की है राशि के साथ संजय अग्रवाल ने बेशकीमती तीन प्लाट अपने नाम करा लिये है।

### मूलधन से कई गुना अधिक राशि वसूली मूलधन आज भी बना है

इसी प्रकार एक कोई जोशी जी है जिन्होंने 15 लाख के एवज में 30 लाख रूपये वसूल कर लिये और 15 लाख आज भी बने हुये है। एक महोबिया जी है जिन्होंने आठ लाख के 16 लाख वसूल कर लिये है और मूलधन अभी भी बांकी बना हुआ है यहाँ बता दे कि कुछ लोगों ने दीपक को दुकान खरीदने के नाम पर राशि दी है और उस राशि का भी मनमाना ब्याज लिया है। इसी प्रकार दिलीप, मनीष, राजेश, प्रकाश सोनी, बोना सोनी,नामदेव सहित अनेक महिलाओं भी ब्याज की राशि दीपक से मूलधन से कई गुना अधिक वसूल कर चुकी है। चर्चा तो यह भी है कि अनेक ऐसे सभ्रांत व्यक्तियों के नाम भी जिनकी राशियाँ बहुत बड़ी है परंतु उन्होंने राशियाँ और दीपक से अर्जित संपत्ति मानवीय आधार पर लौटाने का फैसला कर लिया।

जानकारी के अनुसार अनेक ब्याज माफियाओं ने युनिन बैंक ऑफ इंडिया एवं एयु स्माल फायनेंश बैंक के हस्ताक्षरित कोरे चैक भी दीपक अग्रवाल से अवैध वसूल के रूप में लिये है जो मनमानी राशि भरकर निकाल लेते है।

## म. प्र. ऋणियों का संरक्षण अधिनियम 1937

संपूर्ण मध्यप्रदेश राज्य में ऋणियों से संरक्षण अधिनियम लागू है उसके बाद भी नियम विरूद्ध लोग जिनके पास साहूकारी का लायसेंस नहीं है। बेवस मजबूर की मजबूरी का फायदा उठाकर अत्याधिक ऊँची दर पर ब्याज वसूली कर रहे है। इस अधिनियम की धारा 3 ख कहती है कि जिस व्यक्ति ने कर्ज लिया है उसका पीछा करना उसके स्वामित्व की संपत्ति में हस्तक्षेप करना या उसे उससे वंचित करना या बाधित करना अपराध की श्रेणी में आता है।

### म.प्र. साहूकार अधिनियम 1934

म.प्र. साहूकार अधिनियम 1934 के अनुसार अधिनियम की धारा 11 च के अनुसार किसी भी जिले में बिना पंजीयन प्रमाणपत्र के साहूकारी कारोबार करने का निषेध करती है।

अधिनियम में साहूकारी के अप्रभाव बताये गये है वह इस प्रकार है - 1 बिना पंजीयन के किया गया कारोबार अवैया होगा। बिना पंजीयन के साहूकार दीवानी कार्यवाही नहीं कर सकता।

अधिनियम की धारा 10 उपबंधित करती है कि इस अधिनियम के लागू होने के बाद दिये गये ऋण के संबंध में कोई न्यायालय ब्याज के बकाया के कारण ऐसी धन राशि की डिग्री मंजूर नहीं करेंगा जो ऋण के मूलधन से अधिक हो।

इसी अधिनियम में साहूकार की परिभाषा धारा 2 में स्पष्ट कर दी गयी है जिसके अनुसार साहूकार वह व्यक्ति है जो कारोबार के नियमित अनुक्रम में ऋण देता है। ऋण देने का एकांकी समव्यवहार साहूकारी नहीं है। केवल कुछ साहूकारी के समव्यवहार, मित्रों या रिश्तेदारों को ऋण देना साहूकारी नहीं कहा जायेगा। साहूकारी का कारोबार होना चाहिये जिसकी एक प्रणाली होती है नियमित्ता होती एवं इसकी बार बार पुर्नावृत्ति होती है। इन विशेषताओं के कारण ही उस कारोबार को साहूकारी कहा जा सकता है।

विधि के अनुसार कर्ज वसूल करने के लिये मारपीट या धमकी नहीं दी जा सकती, यदि कोई ऐसा करता है तो वह कानून अपराध की श्रेणी में आता है। कर्जदार का कोई सामान उठाकर नहीं लाया जा सकता उसकी किसी संपत्ति पर कब्जा नहीं किया जा सकता।

शासन के निर्धारित नियमों के विपरीत ब्याज लेना अपराध की श्रेणी में आता है।

पहली बात तो यह है कि बगैर लाइसेंस के कोई भी ब्याज़ का व्यापार नहीं किया जा सकता।

विधि के अनुसार कर्ज वसूल करने के लिये मारपीट या धमकी नहीं दी जा सकती, यदि कोई ऐसा करता है तो वह कानून अपराध की श्रेणी में आता है। कर्जदार का कोई सामान उठाकर नहीं लाया जा सकता उसकी किसी संपत्ति पर कब्जा नहीं किया जा सकता।

अगर कोई व्यक्ति निजी रूप से किसी को किसी तरह का कर्ज़ दे रहा है तब उसे कोरा स्टा प हस्ताक्षर करके नहीं देना चाहिए। साथ ही किसी भी तरह का ब्लैंक चेक भी नहीं देना चाहिए, बल्कि कर्ज लेने वाले को एक एग्रीमेंट करना चाहिए। उस एग्रीमेंट में कर्ज की राशि लिखी जानी चाहिए, इसी के साथ जो चेक दिए जा रहे हैं उन चेक की सभी डिटेल लिखी जानी चाहिए। साथ ही यह भी लिखा जाना चाहिए चेक एक सि योरिटी के लिए दिए जा रहे हैं न कि किसी अन्य उद्देश्य के लिए।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन वृक्षारोपण एवं स मान समारोह कार्यक्रम मे हुए शामिल

सिवनी यशोः- रविवार 10 जुलाई

**-पार्टी पदाधिकारियों एवं पत्रकार गणों के साथ निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का भ्रमण किया**



को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन वृक्षारोपण एवं स मान समारोह कार्यक्रम मे शामिल हुए। विधायक दिनेश राय मुनमुन नगर के कटंगी रोड शहीद वार्ड स्थित आधुनिक कालोनी उद्यान व फलोद्यान में प्रातः 09:00 बजे से आयोजित वृक्षारोपण वन महोत्सव एवं दानदाताओं के स मान समारोह कार्यक्रम मे मु य अतिथि के रुप मे शामिल हुए। जहां पर आपने उपस्थित गणमान्य जनों के साथ वृक्षारोपण कार्य किया।

इसके पश्चात विधायक श्री राय के करकमलों से उद्यान सेवकों एवं दानदाताओं का प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर स मान किया गया। इस अवसर पर अजय पांडे अध्यक्ष जनभागीदारी समिति पीजी कॉलेज, परमानंद जायसवाल, एस.के. श्रीवास्तव, संजय चौहान, राकेश सिंह सतीश सोनी सहित कालोनी वासियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

इसके पश्चात विधायक श्री राय ने भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में स मानीय पत्रकार गणों के साथ निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का भ्रमण किया। इस दौरान विधायक श्री राय ने सभी के साथ परिसर में किये जा रहे कार्यो को देखा तथा उपस्थित साईड इंचार्ज से जानकारी प्राप्त किया।

# कुत्तों के झुंड ने पाँच वर्षीय बच्ची पर किया हमला: बच्ची की हालत गंभीर

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के कुरई क्षेत्र में एक 5 साल की मासूम बच्ची पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। जिससे बच्ची बुरी तरह घायल हो गई। बच्ची के उपचार के लिये क्षेत्रीय व्यक्तियों ने आर्थिक मदद कर बच्ची को जिला चिकित्सालय भेजा गया तथा हालत गंभीर होने से बच्ची को नागपुर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार जिस समय बच्ची स्कूल जा रही थी, तभी कुत्तों ने उस पर हमला किया। वहां मौजूद लोगों ने लाठी-डंडे की मदद से कुत्तों को खदेड़ा। कुत्तों ने बच्ची को बुरी तरह नोचा दिया था फिलहाल उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना सिवनी जिले के कुरई की है। जहां मां-बाप ने अपनी पांच साल की मासूम बच्ची को तैयार कर स्कूल के लिए रवाना किया, तभी रास्ते में बच्ची पर आवारा कुत्तों के झुंड नेहमला कर दिया। बच्ची को कुत्तों ने बुरी तरह नोच लिया है।

वहां मौजूद लोगों ने लाठी-डंडे कुत्तों को मार कर भगाया और बच्ची को सीधे अस्पताल ले गए। बच्ची के सर से मांस निकल गया, हाथ-पैरों में गहरे दांतो के ज म बन गए। प्राथमिक उपचार स्वास्थ्य केंद्र में किया गया लेकिन हालत को देखते हुए मासूम बच्ची को जिला अस्पताल सिवनी रेफर कर तथा सिवनी से बच्ची को नागपुर रेफर कर दिया गया है।



यहाँ बतादें कि सिवनी जिला मु यालय सहित नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक बहुत अधिक बढ़ गया है सिवनी नगरीय क्षेत्र में अनेक गाय के बछड़ो को आवारा कुत्ते अपना शिकार बना चुके है और रात्रि तथा सुबह के समय सड़को पर आवारा कुत्तो का इतना अधिक जमावड़ा रहता है कि आम आदमी को अकेल निकलने में भय होता है और अनेक बार कुत्ते राह चलते व्यक्तियों पर झपट जाते है। सिवनी नगरीय प्रशासन को अनेक नागरिक कुत्तों को पकड़ने के लिये लिखित आवेदन दे चुके है इसके साथ ही सिवनी नगर पालिका परिषद के पार्षद भी नगर पालिका को आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिये अभियान चलाने की बात कह चुके परंतु सिवनी नगर पालिका परिषद किसी अनहोनी का राह देख रही है।

## झमाझम बारिशसे मौसम में ठंडक

सिवनी यशोः- सिवनी में देर रात्रि से झमाझम बारिश हो रही है। जिसके कारण छोटे-छोटे नदी नाले लबालब भर गए हैं। वही सावन के महीने में जहां लोगों को बारिश के कारण बाहर आने जाने में परेशानी हो रही है। वही किसानों के चेहरे खिले नजर आ रहे हैं। योंकि किसानों ने खेतों पर बोनी का काम कर लिया है। और पानी की आवश्यकता खेतों पर है। वहीं कई किसान के चेहरे मुरझाए हैं योंकि कई जगह किसानों ने रोपण एवं बोनी का काम नहीं किया। और लगातार बारिश होने लगी। बारिश को देखते हुए लोग सड़कों पर कम निकल रहे हैं। अति आवश्यक कार्य के लिए ही लोग बरसाती एवं छाता लिए सड़कों पर नजर आ रहे हैं। बीते दिवस हुई बारिश के बाद मौसम खुलने के बाद उमस बढ़ गई थी। वही अब रात्रि से हो रही तेज बारिश के बाद मौसम में ठंडक बढ़ गई है।



**दैनिक यशोन्नति की खबरों के लिये एप डाउनलोड करें**
https://dainikyashonnati.com


**जबरन नॉलेज**




# आज सावन का पहला सोमवार

सिवनी यशोः- 10 जुलाई 2023 को सावन का पहला सोमवार है। सावन माह के प्रत्येक सोमवार शिव भक्तों के लिए सबसे खास माने जाते हैं। इस दिन शिव भक्त व्रत रखते हैं और विधि पूर्वक पूजा करते हैं। इस दिन सुबह से ही देशभर के सभी शिव मंदिर में भक्तों की भीड़ लग जाती है। भगवान भोलेनाथ सबसे जल्दी प्रसन्न होने वाले देवता हैं। धार्मिक मान्यता है कि शिव जी को मात्र एक लोटा जल से भी प्रसन्न किया जा सकता है। सावन के महीने में शिव भक्त तरह तरह से भगवान शिव को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं। हालांकि इस बार सावन के पहले सोमवार को पंचक भी लग रहा है, इसलिए लोगों के मन में पूजा और जलाभिषेक को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। इसके लिये विद्वानों के अपने तर्क है परंतु भगवान शिव की पूजा करने एवं व्रत रखने में यह कोई बाधा नहीं है। आज




जिले के शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के लिये विशेष व्यवस्थाएँ की गयी है। सिद्ध शिव पीठों में गुरू रत्नेश्वर धार, मठ मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों में आज भक्तों की अधिक सं या को ध्यान में रखते हुये विशेष व्यवस्थाएँ की गयी है।

पहले सोमवार पर पंचक का साया सावन में 6 जुलाई 2023 को दोपहर 1 बजकर 38 मिनट से पंचक की शुरुआत हो गई थी, जिसका समापन 10 जुलाई को सावन के पहले सोमवार वाले दिन शाम 6 बजकर 59 मिनट पर होगा। यानी इस दिन पूरे दिन पंचक का साया रहेगा। लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि पंचक गुरुवार के दिन से शुरू हुआ था, इसलिए ये हानिकारक नहीं है।

## जिले में 2455 मिमी वर्षा दर्ज

सिवनी यशोः- भू-अभिलेख अधीक्षक सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 7 जुलाई 23 जिले में औसत दैनिक वर्षा 306.9 मि.मी. दर्ज की गई। विकासखण्डवार प्राप्त जानकारी के अनुसार सिवनी 216.6 मि.मी., कुरई 118.0 मि.मी., बरघाट 231.0 मि.मी.,केवलारी 271.6 मि.मी. छपारा 326.0 मि.मी., लखनादौन 661.9 मि.मी., धनौरा 256.9 मि.मी., घंसौर 373.0 मि.मी वर्षा दर्ज की गई। इस प्रकार कुल 2455.0 मि.मी वर्षा दर्ज की गई।

## सचिवों के हुये स्थानांतरण

सिवनी यशोः- जिले की अनेक ग्राम पंचायतो के सचिवों का स्थानांतरण किया गया है। तबादलो की पूरी सूची पढ़ने के लिये दैनिक यशोन्नति की बेवसाइड https://dainikyashonnati.com को लॉग इन करें

## एक ही योजना का डिंडोरा पीटकर शिवराज सरकार कर रही धन की बर्बादी - कांग्रेस

सिवनी यशोः- प्रदेश के मु यमंत्री शिवराजसिंह चैहान द्वारा एक ही योजना का बार बार डिंडोरा पीटकर शासकीय राशि का दुरूपयोग कर रहें है लाडली बहना योजना के लिए अनेको बार पूरे प्रदेश की नगरपालिकाओं में वार्ड स्तर पर एलसीडी, फले श, बैनर, होडिंग्स, प्रिंट एवं इले ट्रानिक मीडिया में विज्ञापन दिये जा रहें है। उक्ताशय की बात कांग्रेस ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम कही। विज्ञप्ति में आगे कहा गया है कि वैसे भी मध्यप्रदेश को शिवराज सिंह चैहान भाजपा सरकार ने आर्थिक रूप से खोखला कर दिया है अनेक शासकीय योजनाएॅ, निर्माण कार्य बंद कर दिये गये है शासकीय कर्मचारियों को समय पर वेतन प्राप्त नही हो पा रहा है। सरपंचो को मानदेय दिये जाने की घोषणा करने के बाद मानदेय प्राप्त नही हो रहा है। फुटकर फुटपाथ वालों से राशि नही वसूली जायेंगी यह घोषणा करने के बाद भी शिवराजसिंह चैहान गरीब फुटकर फुटपाथ व्यवसायियों से अर्द्धवार्षिक एवं वार्षिक एक मुश्त राशि वसूल करने का आदेश जारी करते है।



प्रदेश में चल रही सारी योजनाएॅ ऑनलाईन हो गयी है हितग्राहियों द्वारा के वाय सी भी करा ली गई है कोई भी योजना की राशि सीधे हितग्राही के खातें में ट्रांसफर हो जाती है। विशेषकर महिला हितग्राहियों को एक ही योजना के लिए बार बार बुलाने का और फिजुल शासकीय राशि खर्च करने का कोई औचित्य नही है। प्रदेश की जनता मंहगाई से बहुत अधिक परेशान है परिवार का बजट मंहगाई ने बिगाडकर रख दिया है। इस तरह के शासकीय खर्चो पर रोक लगनी चाहिये यदि शिवराजसिंह चैहान ऐसा सोचते है कि लाडली बहना योजना का बखान करके वह फिर से दोबारा सत्ता में आ जायेंगे तो उनकी यह बहुत बडी भूल है।

## केंद्र सरकार बेटियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध - केंद्रीय मंत्री श्रीमती ईरानी

**÷वत्सल भारत÷ कार्यक्रम संगोष्ठी में म.प्र., छग और राजस्थान के 1500 से अधिक प्रतिनिधि हुए शामिल**

भोपाल- केंद्रीय महिला-बाल विकास मंत्री श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी ने कहा कि बच्चों को गोद लेने के कानून में बदलाव से पहले देशभर की विभिन्न अदालतों में गोद लेने के 900 मामले लंबित थे। सरकार द्वारा कानून में बदलाव के बाद जिला प्रशासन को जि मेदारी दी गई और तब से एक वर्ष में देश भर में 2250 से अधिक गोद लेने की प्रक्रिया सफलता से की गई है। लगभग 13-14 वर्ष पहले देशभर में लगभग 8 से 9 हजार बच्चों को सुरक्षित किया जाता था, आज, भारत सरकार द्वारा देशभर में लगभग 65 हज़ार बच्चों का गैर-संस्थागत देखभाल के अंतर्गत संरक्षण किया जा रहा है। केंद्रीय महिला-बाल विकास मंत्री श्रीमती ईरानी रवींद्र भवन में तीन राज्यों के %वत्सल भारत कार्यक्रम% को संबोधित कर रही थी।

श्रीमती ईरानी कहा कि हमने देश भर में ऐसी बेटियों (पीड़ितों) के लिए 74 करोड़ की राशि का प्रावधान किया है। इससे उन्हें प्रति माह 4 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। उनके कौशल विकास के लिए आगे की व्यवस्था की जाएगी और 18 साल की उम्र के बाद ही नहीं, बल्कि 23 साल की उम्र तक हम ऐसी बेटियों की रक्षा करते रहेंगे।

केंद्रीय मंत्री ईरानी ने कहा कि इस आयोजन से मिशन वात्सल्य के तहत सफल हस्तक्षेपों का प्रचार-प्रसार किया गया। उन्होंने इस दौरान चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन (सीसीआई) से 14 लाख 50 हजार बच्चों की घर वापसी के लिए किए गए प्रयासों के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राज्य बाल आयोगों और बाल कल्याण समितियों (सीडब्ल्यूसी) का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में केंद्रीय महिला-बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मुंजपरा महेन्द्रभाई ने ÷मिशन वात्सल्य÷ के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि %%इसका उद्देश्य बाल कल्याण और संरक्षण के उद्देश्य के लिए कुशल और प्रभावी परिणाम के लिए अंतर-मंत्रालय और अंतर-मंत्रालय स्तर पर अभिसरण रणनीति (कन्वर्जेंस स्ट्रैटजी) को आगे बढ़ाना है।%% उन्होंने कठिन परिस्थितियों से जूझ रहे लापता, अनाथ, परित्यक्त और आत्मसमर्पण करने वाले बच्चों से संबंधित विभिन्न एमआईएस के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से परामर्श कर बनाए गए डिजिटल प्लेटफॉर्मों की जानकारी दी। इन प्लेटफार्मस का उपयोग एससीपीएस, डीसीपीयू, सीडब्ल्यूसी, जेजेबी, सीसीआई, एसजेपीयू के साथ-साथ नागरिकों द्वारा सभी एमआईएस उद्देश्यों के लिए संबंधित डैशबोर्ड से किया जा सकता है।

# मध्यप्रदेश का संगठन कार्यकर्ताओं और विचार के आधार पर खड़ा हुआ सशक्त संगठन - भूपेन्द्र यादव

## प्रदेश चुनाव प्रभारी, राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश अध्यक्ष ने इंदौर भाजपा कार्यालय में बैठक को किया संबोधित






इंदौर - मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को खड़ा करने में श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी, प्यारेलाल जी और भगवतशरण माथूर जी जैसे नेतृत्व ने अपना सर्वस्व जीवन न्यौछावर किया है। मध्यप्रदेश में संगठन क्षमता के धनी इन लोगों ने यह सोचकर संगठन खड़ा नहीं किया था कि पार्टी को केवल सत्ता में लाना है। उनके काम करने के पीछे जो ध्येय था, वह भारत को महान बनाने की विचारधारा का ध्येय था। मध्यप्रदेश का संगठन कार्यकर्ताओं के आधार पर एवं विचार के आधार पर खड़ा हुआ एक सशक्त संगठन है। हम सब मिलकर मध्यप्रदेश में पुनः विजय को प्राप्त करेंगे। यह बात केंद्रीय मंत्री और प्रदेश चुनाव प्रभारी भपेन्द्र यादव ने रविवार को भाजपा संभागीय कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारी, नगर पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संयोजक की परिचय बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव श्री कैलाश विजयवर्गीय एवं प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रभारी का आत्मीयता के साथ स्वागत किया। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश शासन के मंत्री तुलसी सिलावट, बृजेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्षजीतू जिराती, महामंत्री व सांसद सुश्री कविता पाटीदार, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जिला अध्यक्ष गौरव रणदिवे मंचासीन थे।

संभागीय कार्यालय में बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी श्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि इंदौर देश के सबसे स्वच्छ शहरों में गिना जाता है, तो इसके पीछे भाजपा के सुशासन का संकल्प है। श्री यादव ने कहा कि आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हम भारत को आगे ले जाने के मिशन पर काम कर रहे हैं। 2014 में भारत दुनिया की 5 डगमगाती अर्थव्यवस्थाओं में से एक था आज भारत 5 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं मेंसे एक है। 2014 में भारत आतंकवाद से ग्रसित था, लेकिन आज प्रधानमंत्री जी स्पष्टता के साथ संदेश देते हैं कि भारत न आतंकवाद को सहन करेगा और न ही दुनिया में इसे पनपने देगा। नेतृत्व का यह विश्वास और संकल्प मजबूती के साथ खड़ा होता है, तो इसके पीछे भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं का त्याग और उसके आधार पर सरकार चलाने वाले नेता दोनों के मिलन से होता है। उन्होंने बैठक में इंदौर में आयोजित होने वाली जी-20 बैठकों को सफल बनाने में सहयोग देने की बात कही।

राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव जी को राष्ट्रीय नेतृत्व ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की जि मेदारी सौंपी है। श्री भूपेन्द्र जी में प्रशासनिक कार्यक्षमता के साथ संगठनात्मक कार्यकुशलता भी है। श्री भूपेन्द्र जी को चुनाव प्रभारी की जि मेदारी मिलने से मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास दोगना हो गया है। कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ आगे बढ़ेंगे। प्रदेश में दो तिहाई के बहुमत में पुनः भाजपा सरकार बनेगी।

प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव जी उत्तरप्रदेश, झारखण्ड एवं बिहार जैसे कई राज्यों में चुनाव की जि मेदारी संभाल चुके हैं। कई राज्यों में श्री भूपेन्द्र जी की संगठनात्मक कुशलता के कारण भारतीय जनता पार्टी को विजय मिली है। मध्यप्रदेश में भी भूपेन्द्र यादव जी के कुशल नेतृत्व में कार्यकर्ता जीत का इतिहास बनायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाएं घर-घर तक पहुंच रही हैं। 2023 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव में श्री भूपेन्द्र जी के कुशल रणनीति और कार्यकताओं की मेहनत के बल पर ऐतिहासिक बहुमत हासिल करेंगे।

इस अवसर पर पार्टी के संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम, संभाग सह प्रभारी एवं नगर प्रभारी तेज बहादुर सिंह, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजेश सोनकर, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के अध्यक्ष सावन सोनकर, युवा आयोग के अध्यक्ष निशांत खरे, विधायक महेंद्र हार्डिया विधायक श्रीमती मालिनी गौड़, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, पूर्व आईडीए अध्यक्ष मधु वर्मा आईडीए अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, वरिष्ठ नेता गोपीकृष्ण नेमा, श्री बाबू सिंह रघुवंशी सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# देश और प्रदेश में माहौल बिगाड़ने के षड्यंत्र में दिग्विजय सिंह की अग्रणी भूमिका: विष्णुदत्त शर्मा

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस के षड्यंत्र एवं झूठ से सतर्क रहें

इंदौर। देश एवं प्रदेश में षड्यंत्र करके अस्थिरता एवं हालात बिगाड़ने का कार्य करने वाले लोगों में मिस्टर बंटाढार दिग्विजय सिंह अग्रणी भूमिका में है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्री माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर जी को लेकर दिग्विजय सिंह का ट्वीट उनकी सोची समझी साजिश और अपने राजनीतिक लाभ के लिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को बदनाम करने का षड्यंत्र है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को इंदौर में मीडिया से चर्चा करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह जैसे लोग हमारे देश और समाज के लिए खतरा हैं। इन जैसे लोग दिन- रात समाज में वैमनस्यता फैलाने का काम कर रहे हैं।






### कांग्रेसियों के डीएनए में अंग्रेजों और मुगलों का जींस

श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा दिग्विजय सिंह द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्री गोलवलकर जी के बारे में झूठ लिखकर सोशल मीडिया के माध्यम से झूठ फैलाना कानूनन अपराध तो है ही साथ ही योजनाबद्ध तरीके से अल्पसं यक एवं अन्य वर्गों- समाजों में विद्वेष फैलाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ-साथ उससे कहीं ज्यादा घातक भी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं के डीएनए में अंग्रेजों के साथ-साथ मुगलो के भी जींस हैं, जो फूट डालो और शासन करो की रणनीति पर प्रदेश का माहौल बिगाड़ने का कार्य कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी दिग्विजय सिंह मस्जिद पर भगवा लहराने की कहीं और की घटना के वीडियों को मध्यप्रदेश का बताकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं तो कभी पाकिस्तान की खराब सड़क को मध्यप्रदेश की सड़क बताकर ट्वीट करते हैं। जनता में भ्रम फ़ैलाने के बाद मिस्टर बंटाधार ट्वीट डिलीट कर देते हैं। इस तरह का झूठ फैलाने और वातावरण बिगाड़ने वाले व्यक्ति दिग्विजय सिंह सर्जिकल स्ट्राइक पर प्रश्न उठाते हैं, तो वही शहीद मोहनचंद शर्मा की शहादत का अपमान करते है और आतंकियों के गले भी लगते हैं। उन्होंने कहा कि चाहे दिग्विजय सिंह हो या कमलनाथ इनको मध्यप्रदेश की जनता अवश्य जवाब देगी।

### टीएमसी अब राजनीतिक दल नहीं, गुंडों का दल

बंगाल में हुई घटना को लेकर प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि बंगाल में तृणमूल कांग्रेस राजनीतिक दल नहीं रहा, अब वह गुंडों और असामाजिक तत्वों का कुनबा बन गया है। जिस तरह पूर्व में गुंडागर्दी एवं आतंक क युनिस्टों का था, वही आतंक आज तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में प्रारंभ किया है। पश्चिम बंगाल में लगातार भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनता की हत्या हो रही है, इसलिए तृणमूल कांग्रेस एक राजनीतिक दल नहीं गुंडों का दल बनकर रह गया है।

### केवल तुष्टिकरण एवं ध्रुवीकरण की राजनीति करते हैं दिग्विजय सिंह और कमलनाथ

सीधी की घटना को लेकर श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस मामले में प्रभावी ढंग से तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की। भारतीय जनता पार्टी कभी भी अपराधी का धर्म, समाज और संगठन नहीं देखती अपराध करने वाला सिर्फ अपराधी है। लेकिन कांग्रेस दोहरा चरित्र अपनाती है, कांग्रेस झूठ बोलती है। उन्होंने बताया कि सीधी की घटना को लेकर भाजपा ने कमेटी बनाई, जिसमें पूर्व विधायक श्री रामलाल रैतेल सहित चार लोग हैं। यह कमेटी जल्द ही अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उन्होंने कहा कि घटना का वीडियो कमलनाथ जी के शासनकाल में बनाया गया था, जल्द ही पूरी सच्चाई सामने आएगी। उन्होंने कहा कि वीडियो कभी भी बना हो लेकिन मामला संज्ञान में आते ही भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार ने उस पर तत्काल प्रभावी कार्यवाही की है। लेकिन मैं कांग्रेस नेताओं से पूछना चाहता हूं कि शिवपुरी के अंदर अल्पसं यक वर्ग के गुंडों ने दलित वर्ग जो कि केवट समाज से आता है, उसके साथ कृत्य किया तब दिग्विजय सिंह और कमलनाथ के ` या मुंह सिल गए थे? दोनों नेताओं ने इस घटना पर एक शब्द भी नहीं कहा या वह पीड़ित दलित नहीं था ? उन्होंने कहा कि कमलनाथ के शासनकाल में सागर के अंदर एक दलित भाई को जिंदा जला दिया गया तब दिग्विजय सिंह और कमलनाथ कहाँ थे ? श्री शर्मा ने कहा कि दिग्विजय सिंह और कमलनाथ केवल तुष्टिकरण एवं ध्रुवीकरण की राजनीति करते हैं ताकि किस तरह से वोट और प्रदेश के वातावरण को प्रभावित किया जा सके, लेकिन चाहे आदिवासी वर्ग हो या दलित सभी वर्ग के लिए भाजपा सरकार ने कार्य किया है। उन्होंने प्रदेश की जनता को आगाह करते हुए कहा कि कांग्रेस के इस षड्यंत्र एवं झूठ से हमें सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## गोंड समाज स मेलन में मु यमंत्री श्री चौहान ने किया धर्मशाला का भूमि-पूजन

भोपाल - मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जनता ही मेरी भगवान है, उसकी सेवा ही भगवान की पूजा है। आपके लिए ही जीना है तथा आपके जीवन को खुशहाल बना दूँ, तभी ये जिंदगी सार्थक होगी। मु यमंत्री श्री चौहान रविवार को भेरूंदा में जनजातीय समुदाय के लिए 50 लाख की लागत से निर्मित होने वाली धर्मशाला का भूमि-पूजन करने के बाद गोंड समाज स मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मु यमंत्री श्री चौहान ने देश के लिए जनजातीय नायकों के बलिदान और अतुलनीय योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि रानी दुर्गावती के जन्म की पाँच सौवीं शताब्दी के अवसर पर उनका भव्य स्मारक बनाने के साथ ही पूरे देश में गौरव यात्रा आयोजित की जायेगी। मु यमंत्री ने जनजातीय समुदाय के लिए उनकी सरकार द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा समुदाय को अपनी संस्कृति और लोक रीति-रिवाजों के साथ विकास में भी आगे आना होगा।

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पिछली सरकारों जनजातीय नायकों को स मान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि गढ़ा मडला से गोंडवाना तक गोंड राजाओं का राज था और हमने आखिरी गोंड रानी कमलापति की स्मृति को जीवित रखने के लिए भोपाल में उनकी प्रतिमा स्थापित की है और प्रधानमंत्री जी ने हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नामकरण भी रानी कमलापति के नाम पर किया है। उन्होंने कहा कि चाहे टंट्या मामा हो या वीर शंकर शाह- रघुनाथ शाह, सबकी स्मृति जीवित रखने, उनके स्मारक बनाने का काम हमारी सरकार ने ही किया है।

मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सोमवार को एक बजे फिर वे अपनी लाडली बहनों के खातों में एक हजार रुपए डालेंगे। उन्होंने कहा कि बहनें चिंता नहीं करे, वे इस राशि को बड़ाकर तीन हजार रुपए करेंगे। मु यमंत्री श्री चौहान ने जनजातीय समुदाय के नेताओं से अपील की कि वे बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दे,पैसे की चिंता न करे, उच्च शिक्षा के लिए जितनी भी फीस भरना पड़े, सरकार भरेगी। मु यमंत्री ने कहा कि भेरूंदा में जल्दी ही 31 करोड़ की लागत से कन्या शिक्षा परिसर बनाया जायेगा, जहाँ रहकर बेटियाँ पढ़ सकेंगी। उन्होंने कहा कि गाँव से दूर जाकर पढ़ने जाने वाले बच्चों के लिए वे जल्दी ही साढ़े 4 हजार रुपए की राशि साइकल खरीदने के लिए खाते में देंगे। बारहवीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चो को लैपटाप खरीदने के लिए भी वे जल्दी ही 25 हजार रुपए की राशि देंगे।

# मध्य प्रदेश की पहली महिला मु य सचिव निर्मला बुच का निधन



भोपाल। एमपी की पहली और अब तक की अकेली महिला मु य सचिव निर्मला बुच (Nirmala Buch) ने दुनिया को कहा अलविदा। भोपाल में शनिवार-रविवार की दर यानी रात उन्होंने 97 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। वे लंबे समय से बीमार चल रही थीं। रविवार सुबह उन्हें हॉस्पिटल भी ले जाया गया, जहां डॉ टरों ने उनके निधन की पुष्टि की। बुच के परिजनों का कहना है कि अंतिम संस्कार सोमवार को किया जाएगा। बुच के निधन पर मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व मु यमंत्री कमलनाथ समेत कई हस्तियों ने शोक व्यक्त किया है।

` निर्मला बुच भोपाल की अरेरा कॉलोनी में अकेली रहती थीं। बेटे विनीत बुच अमेरिका में रहकर काम करते हैं। करीब 8 साल पहले पति पूर्व मु य सचिव एमएन बुच का निधन हो चुका है। निर्मला 22 सितंबर 1991 से 1 जनवरी 1993 तक एमपी की मु य सचिव रही थीं। ब्यूरोक्रेसी में निर्मला बुच को बेखौफ इमेज के लिए जाना जाता था। पिछले दिनों कई दिनों से वे बीमार थीं, चल-फिर नहीं पा रही थीं तो उनकी देखभाल करने वाले उनके नजदीकी उन्हें कार में बैठाकर भोपाल के चार इमली इलाके में घुमाने ले जाते थे। वे बताते थे कि मैडम ब्यूरोक्रेट्स के ये इलाके देखकर बहुत खुश होती थीं।

### पूर्व सीएम सुंदरलाल पटवा के कार्यकाल में बनी मु य सचिव

बेखौफ छवि रखने वाली निर्मला बुच पूर्व सीएम सुंदरलाल पटवा के कार्यकाल में मध्यप्रदेश की चीफ सेक्रेटरी बनी थीं। रिटायर होने के बाद भी उनकी सामाजिक क्षेत्र में सक्रियता बनी रही। उन्होंने चाइल्ड राइट्स ऑब्जर्वेटरी, महिला चेतना मंच जैसी संस्थाओं की स्थापना की। वर्किंग वुमन होस्टल खुलवाए। उनके चीफ सेक्रेटरी रहते हुए मध्यप्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग अस्तित्व में आया था। उमा भारती जब प्रदेश की मु यमंत्री बनीं, तो उन्होंने निर्मला बुच को अपना सलाहकार बनाया था। निर्मला ने कई पुस्तकों का संपादन भी किया।

### कौन थी निर्मला बुच

निर्मला बुच भारतीय प्रशासनिक सेवा में 1960 बैच की IAS अधिकारी रही। उनके पति महेश नीलकंठ बुच भी ढ्ढस् अधिकारी थे। निर्मला बुच स्क्क की पहली और एकमात्र महिला मु य सचिव के दायित्व का निर्वहन किया था। निर्मला बुच के नाम देश की पहली महिला मु य सचिव बनने का रिकोर्ड भी है। वे केंद्र और मध्यप्रदेश में अनेक महत्वपूर्ण पदों पर रही। वे अत्यंत अध्ययनशील महिला थीं, बुच को कई भाषाओं का ज्ञान था। वे 1961 से लेकर 1993 तक मध्य प्रदेश सरकार और भारत सरकार में विभिन्न विभागों में सफलतम कार्य किया। निर्मला बुच ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बड़ी-बड़ी पहल की। बताया जाता है कि सादगी और स्वच्छंदता पसंद निर्मला बुच जब देवास में कले टर थी, तब पड़ोसी जिले उज्जैन के कले टर एमएन बुच के व्यक्तित्व से इतनी प्रभावित हुई कि दोनों के शादी के बंधन बंध गए। उनका एक पुत्र भी है। प्रशासनिक जानकार बताते हैं कि निर्मला बुच ने मु य सचिव रहते हुए सरकारी संगठनों के मिलकर शोध, प्रबंधन और समाज को ताकत देने की दिशा में लगातार काम किया। इस तरह उन्होंने विकास का जो मॉडल तैयार किया, वे मील का पत्थर साबित हुआ। निर्मला बुच को मध्य प्रदेश की आयरन लेडी के नाम से भी जाना जाता है।

# अ यर्थियों की जागरूकता के लिए आयोग का प्रयास सराहनीय - पटेल

भोपाल - महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि लोक सेवा आयोग द्वारा अ यर्थियों को जागरूक कर परीक्षा के भय को कम करने का प्रयास सराहनीय है। आयोग द्वारा निर्मित डॉ यूमेंट्री इस दिशा में अभिनव और अनुकरणीय पहल है। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार जरूरी है। आयोग द्वारा विभिन्न नवाचारों के माध्यम से महत्वपूर्ण कार्य संपादित किए जा रहे हैं। मेरी शुभकामना है कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग देश में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि परीक्षा का भय परीक्षा को कठिन बना देता है। यदि प्रारंभ से ही निरंतर प्रयास किये जायें तो परीक्षा का भय खत्म हो जाता है। किसी भी कार्य की सफलता के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक होते हैं। परीक्षा के निकट आने पर तैयारियां करने से घबराहट होती है, जो गलतियों का कारण बनती हैं। राज्यपाल ने कहा कि परीक्षा की तैयारियों के संबंध में आयोग द्वारा तैयार वृत्तचित्र अ यार्थियों को परीक्षा के भय से मुक्त करेगा। अ यार्थियों की जागरूकता बढ़ने से आयोग की कार्य-प्रणाली और अधिक पारदर्शी होगी।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. राजेश लाल मेहरा ने बताया कि डो यूमेंट्री ÷प्रदीप्ति÷ में आयोग की विभिन्न परीक्षाओं तथा साक्षात्कार में स मिलित होने वाले अ यर्थियों को जागरूक करने के लिये परीक्षा संबंधी नियमों एवं निर्देशों की जानकारी दी गई है। विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के संबंध में प्राय–यह देखने में आता रहा है कि अनेक परीक्षार्थी कुछ न कुछ गलतियाँ करते रहते हैं और उन्हें सुधारने के लिये पत्राचार करते हैं। उन्हें आयोग की कार्य-प्रणाली का भी समुचित ज्ञान नहीं होता। पूर्णत– परीक्षार्थी केन्द्रित यह डो यूमेंट्री इस दिशा में उनकी सहयोगी होगी। डो यूमेंट्री का उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षार्थियों को परीक्षा संबंधी विभिन्न जानकारियाँ देकर प्रशिक्षित करना है। डॉ यूमेंट्री में अ यर्थियों के लिए परीक्षा पूर्व किये जाने वाले कार्यों, परीक्षा के दौरान की सावधानियों, साक्षात्कार संबंधी सूचनाओं और साक्षात्कार के बाद उपयोगी जानकारियों को विस्तार से बताया गया है। डो यूमेंट्री का निर्माण मध्यप्रदेश माध्यम द्वारा किया गया है। इसे आयोग की ऑफिशियल वेबसाइट https://mppsc.mp.gov.in पर देखा जा सकता है और निःशुल्क डाउनलोड भी किया जा सकता है।

